समाचार

# नहीं पहना मास्क, किया फिजिकल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन, लगा जुर्माना



कोरबा 10 जुलाई 2020 –बिना मास्क पहने घर से बाहर निकलने वाले तथा बाजारों दुंकानों, सार्वजनिक स्थानों में सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने वालों पर निगम अमले द्वारा आज विभिन्न जोनांतर्गत 7400 रूपये का जुर्माना लगाया गया, साथ ही इस दिशा में जागरूकता अभियान चलाते हुए कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की समझाईश दी गई तथा कीट व जलजनित बीमारियों से सजग रहने व बचने के उपायों से संबंधित पम्पलेट का वितरण किया गया।

नगर निगम कोरबा के सभी जोन में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व उसके नियंत्रण तथा कीट व जलजनित बीमारियों के प्रति सजग रहने एवं एहतियात बरतने को लेकर आज दूसरे दिन भी जागरूकता अभियान चलाया गया। कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्ल, बालको, दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के विभिन्न बाजारों, शापिंग काम्पलेक्सों, ज्यादा आवागमन वाले क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थानों पर यह अभियान चलाते हुए विभिन्न टीमों ने लोगों को कोविड–19 के खतरे के प्रति आगाह किया, उन्हें घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करने की कड़ी समझाईश देने के साथ–साथ मास्क न पहनने वाले व सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया, इसके साथ ही मलेरिया, डेगू व पीलिया जैसे रोगों के प्रति सतर्क रहने तथा आवश्यक एहतियात बरतने से संबंधित उपायों की भी जानकारी उन्हें दी गई।

**लगाया गया 7400 रूपये का जुर्माना**– नगर निगम व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान लोगों द्वारा मास्क न पहनने व फिजिकल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करते पाए जाने पर 7400 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा जोन में 4700 रूपये, कोसाबाड़ी व रविशंकर जोन में 1400 रूपये, कोरबा जोन में 1000 रूपये तथा टी.पी.नगर जोन में 300 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया।

**कराया गया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव**– कीट व जलजनित बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम की दिशा में चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के साथ–साथ निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने कीटनाशक

दवाओं का छिड़काव, फागिंग मशीन का संचालन कराए जाने के साथ–साथ साफ–सफाई कार्यो को एक विशेष अभियान के रूप में संपादित कराया गया।

<u>**जागरूकता हेतु बांटे गए पम्पलेट**</u>– अभियान के दौरान टीमों द्वारा मलेरिया, डेगू, पीलिया जैसी कीट व जलजनित बीमारियों से बचने के उपायों की जानकारी देते पम्पलेट का वितरण आमनागरिकों को किया गया, उन्हें समझाईश दी गई कि वे इन बीमारियों से बचने हेतु सभी आवश्यक सावधानियां बरतें। घरों में रखे कूलरों का पानी प्रतिदिन बदलें, घरों में या घर के आसपास टूटे–फुटे बर्तनों, नारियल के खोल, टायरों या अन्य संभावित वस्तुओं पर पानी का संग्रहण न होने पाए, ताकि मच्छर न पनप सके, मच्छरदानी का उपयोग करें तथा अन्य आवश्यक एहतियात बरतें।